# लखनादौन नगर परिषद में हो गया खेल

**सिवनी नवभारत। नगर परिषद लखनादौन की राजनीति में एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। नगर परिषद लखनादौन के निर्वाचित पार्षदों के तीन-चौथाई से अधिक सदस्यों ने अध्यक्ष मीना बलराम गोल्हानी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। यह प्रस्ताव मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 47 के अंतर्गत जिला कलेक्टर सिवनी को सौंपा गया है। पार्षदों ने अपने निवेदन पत्र में उल्लेख किया है कि यह कार्रवाई म.प्र. नगर पालिका (संशोधन) अध्यादेश 2025 के प्रावधानों के तहत की गई है, जो 9 सितम्बर 2025 से प्रभावी हुआ है।**

अविश्वास प्रस्ताव में पार्षदों ने आरोप लगाया है कि अध्यक्ष मीना गोल्हानी नगर परिषद के कार्यों के कुशल संचालन में विफल रही हैं, जिससे स्थानीय प्रशासनिक व्यवस्था और जनहित के कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। पत्र में यह भी कहा गया है कि अध्यक्ष द्वारा सतत् कुप्रशासन और जनहित के विरुद्ध निर्णय लिए जा रहे हैं, जिसके चलते परिषद की कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है।

प्रस्ताव में बताया गया है कि

### अध्यक्ष के खिलाफ भाजपा पार्षदों ने पेश किया अविश्वास प्रस्ताव



### अध्यक्ष मीना बलराम पर विश्वास नहीं रहा- मंजू साहू

पार्षदों का कहना है कि उन्हें अध्यक्ष मीना बलराम पर विश्वास नहीं रहा है। इसलिए 12 पार्षद चाहते हैं कि इनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जाए। वहीं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष लखनादौन मंजू किशन लाल साहू का कहना है कि वो बीजेपी से हैं और ज्यादातर पार्षद भी बीजेपी से ही संबंध रखते हैं लेकिन उन्होंने कोई काम नहीं किया है और उनके वार्डों के कोई काम नहीं हो रहे हैं। इसिलए 15 पार्षदों में से 12 उनके खिलाफ कलेक्ट्रेट पहुंचे है।

### पार्षदों का आरोप-कर्तव्यों के निर्वहन में विफलता और कुप्रशासन

नगर परिषद लखनादौन के कुल 15 निर्वाचित पार्षदों का चुनाव मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 30 सितम्बर 2022 को सम्पन्न कराया गया था। इसके बाद 23 अक्टूबर 2022 को परिषद का प्रथम सम्मेलन आयोजित हुआ था, जिसमें मीना बलराम गोल्हानी को नगर परिषद लखनादौन की अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया था।

**कलेक्टर के पास विचाराधीन मामला**

यह प्रस्ताव जिला कलेक्टर सिवनी को सौंपा गया है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन इस प्रस्ताव पर क्या निर्णय लेता है और आगे की प्रक्रिया किस प्रकार से संचालित की जाती है। स्थानीय राजनीतिक हलकों में इस घटनाक्रम को लेकर चर्चा तेज़ है, वहीं नागरिक भी परिषद की स्थिरता और विकास कार्यों को लेकर चिंता जता रहे हैं।



राज्य स्तरीय मोगली उत्सव तृतीय दिवस

# जंगल के राजा को मोगली मित्रों ने देखा

**सिवनी नवभारत।** राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव 2025 का आयोजन पेंच टाइगर राष्ट्रीय उद्यान, टुरिया खवासा, जिला सिवनी में मध्यप्रदेश शासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर सिवनी के निर्देशन में तथा कैंप कमांडर एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एस. कुमरे के नेतृत्व में 27 अक्टूबर से किया जा रहा है।

इस आयोजन में प्रदेश के सभी जिलों से कनिष्ठ वर्ग के दो बच्चे, वरिष्ठ वर्ग के दो बच्चे एवं एक मार्गदर्शी शिक्षक सम्मिलित होकर मोगली की धरती पर वन, पर्यावरण तथा प्रकृति के महत्व को समझ रहे हैं।



मोगली उत्सव के तृतीय दिवस में विभिन्न समूहों द्वारा अनेक रोचक गतिविधियाँ संपन्न की गईं। बगीरा ग्रुप ने अपने सहजकर्ताओं एवं वनकर्मियों के साथ ट्रेजर हंट और हैबिटेट वन्यजीव रहवास गतिविधियों में भाग लिया। पहेलियों के माध्यम से जंगल में छिपे रहस्यों को जानने का प्रयास किया गया। समूह ने शहीद स्मारक पहुँचकर जंगल सत्याग्रह के शहीदों को नमन किया। बालू ग्रुप ने नेचर ट्रेल गतिविधि में चार समूहों में भाग लिया, जिसमें पाँच-पाँच जिलों के प्रतिनिधि शामिल रहे। मार्गदर्शक शिक्षकों, वन विभाग के कर्मचारियों और सहजकर्ताओं के साथ मोगली मित्रों ने तेलिया गेट से होकर बफर जोन में प्रकृति का अध्ययन किया। 'का' ग्रुप के मोगली मित्रों ने जंगल सफारी का रोमांचक अनुभव प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने पेंच राष्ट्रीय उद्यान में पाए जाने वाले विभिन्न वन्य प्राणियों — बाघ, तेंदुआ, गौर आदि — तथा विविध वनस्पतियों एवं जैव-विविधताओं को करीब से देखा। बाघ और अन्य वन्यजीवों को देखकर बच्चे अत्यंत उत्साहित और रोमांचित हुए। उत्सव की अन्य गतिविधियों में मोगली मित्रों ने वन्य प्राणी एवं जैव विविधता विषय पर क्विज़ प्रतियोगिता, न्यूज़ पेपर लेखन तथा वन विभाग द्वारा वन्य प्राणियों के संरक्षण एवं वन संपदा से संबंधित फिल्मों का अवलोकन कर उनके महत्व को समझा। द्वितीय दिवस में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# भक्ति अनुष्ठान से बीमारियां दूर हो जाती है : भावसागर

**सिवनी नवभारत।** महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित एवं परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज,मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में श्री पारसनाथदिगंबर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश में 29अक्टूवर 2025 को प्रात: काल की बेला में श्री नंदीश्वर महाविधान के अंतर्गत मांगलिक क्रियाएं संपन्न हुई, इस अवसर पर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्रीभाव सागर जी महाराज ने कहा कि अष्टाहनिका महापर्व प्रारंभ हो गए हैं पूरे विश्व में तो संपन्न हो ही रहे हैं यहां भी अच्छे भक्ति भाव से विधान करें, भक्ति अनुष्ठान के माध्यम से सभी बीमारियां ठीक हो जाती हैं , 7 नवंबर को पूरे विश्व में समाधिस्थ परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 55 वां आचार्य पद आरोहण महोत्सव पूरे विश्व में मनाया जाएगा, आप भी यहां पर आचार्य श्री की महापूजन ,शास्त्र अर्पण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, के साथ मनाए, वृक्षारोपण, जरूरतमंदों को भोजन, औषधि, वस्त्रदान, मिष्ठान वितरण करे, आचार्य श्री के चरण चिह्न का अभिषेक करें, भजन संध्या, मांगलिक आयोजन करें, मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज ने कहा कि हमारा अशुभ कर्म का उदय आया जो रुकना हो गया वैसे तो 25 अक्टूबर को बिहार होना था। श्री दिगंबर जैन पंचायत कमेटी अध्यक्ष पवन दिवाकर ने बताया कि मुनि श्री प्रशम सागर जी महाराज, मुनि श्री सुप्रभ सागर जी महाराज, मुनि श्री प्रणत सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री विप्रज्ञ सागर जी महाराज का आगमन सिवनी मे संभावित 31 अक्टूबर को प्रात: 8 बजे होगा उसकी तैयारी चल रही है।



## एक नजर में

### महामाया मंदिर की मढ़ई शुक्रवार 31 को



**सिवनी।** उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज महामाया मंदिर में ग्यारस को भरने वाली मढ़यी शुक्रवार 31 अक्टूबर को रखी गयी है। हर साल यहां ग्यारस की मढ़ई में बड़ी संख्या में दुकानदार व आमजन ग्वाला भाई पहुंचकर मढ़ई की शोभा बढ़ाते हैं। वार्ड के पूर्व पार्षद रमनलाल यादव बाबू ने उक्त जानकारी देते शासन प्रशासन से साफ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस प्रशासन से सहयोग करने का निवेदन किया है।

### दुकान में बिक रही थी अवैध शराब

**सिवनी।** ग्राम सूकतरा तहसील कुरई में अवैध शराब विक्रय की सूचना पर आज प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री प्रशांत उईके के मार्गदर्शन में की गई। सूचना के अनुसार ग्राम के संजय पिता अधिकार सिंह की दुकान पर अवैध रूप से शराब बिक्री की जा रही थी। इस पर थाना प्रभारी कुरई एवं तहसीलदार राजस्व की टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकान से अवैध शराब जब्त की। आगे की कार्रवाई संबंधित प्रावधानों के तहत की जा रही है।,

### 5 नवंबर को मनाया जाएगा अन्नपूर्णा महोत्सव

**सिवनी।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सीलादेही पहाड़ी में स्थित मां वैष्णो देवी धाम में अन्नपूर्णा महोत्सव उत्साह के साथ मनाया जाएगा। अन्नपूर्णा महोत्सव धनतेरस से प्रारंभ होकर कार्तिक पूर्णिमा तक जारी है। अन्नपूर्णा महोत्सव का कार्यक्रम कार्तिक पूर्णिमा पर 5 नवंबर बुधवार को हवन पूजन, भंडारे व अन्य धार्मिक आयोजन के साथ पूर्ण होगा। प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण सीलादेही की मनोरम पहाड़ी में हर साल यहां भक्तों का जमावड़ा देखने को मिलता है। जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां वैष्णोदेवी धाम पहुंचकर मां का आर्शीवाद लेने पहुंचते हैं। इस दौरान मां अन्नपूर्णा के श्रद्धालु व भक्तजनों के लिए भंडारे का आयोजन किया जाता है। मां वैष्णोदेवी धाम सीलादेही में सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक बड़ी संख्या में भक्तजन एकित्रत होकर मां अन्नापूर्णा का आर्शीवाद प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त करें, ऐसा आयोजनकर्ताओं ने अनुरोध किया है। 30 अक्टूबर गुरुवार को आंवला नवमीं पर वैष्णोदेवी धाम सीलादेही में पहाड़ी में लगे आंवला वृक्ष का पूजन करने श्रद्धालु हर साल की तरह पहुंचेंगे। सीलादेही की मनोरम और प्राकृतिक नजारों के बीच परिवार सहित पहुंचकर आंवला वृक्ष की छांव में भोजन ग्रहण करेंगे और प्रकृति का आनंद लेंगे। हर साल यहां आंवला नवमीं पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम सुबह से देर शाम तक चलता रहता हैं। इस दौरान श्रद्धालु यहां स्थापित माता की प्रतिमा के पूजन व धार्मिक कार्यक्रम सहभागिता भी करेंगे।



# आगामी वर्ष में भवन निर्माण के लिए सार्थक प्रयास किए जाएंगे : सुरेंद्र

### हर्षोल्लास से मनाई गई सहस्त्रबाहु जयंती

**बरघाट नवभारत।** कलचुरी समाज के आराध्य देव भगवान श्री सहस्त्राअर्जुन जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ महामाया लान में सायंकाल 6ः00 से मनाई गई। जिसमें कथा पूजन,हवन, आरती उपरांत युवा शाखा के द्वारा आयोजित रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता एवं प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में कलचुरी समाज वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल ने अपने संबोधन में बताया कि आगामी आने वाले वर्ष में समाज के भवन निर्माण के लिए सार्थक प्रयास किए जाएंगे और आने वाले वर्ष में सहस्त्रबाहु जयंती समाज को प्राप्त आदरणीय स्वर्गीय टंकी लाल सूर्यवंशी जी के द्वारा दान में दी गई जमीन में जयंती कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी स्वजातीय बंधुओ ने हर्ष व्यक्त किया।

सुरेंद्र जायसवाल ने कहा कि आप सभी के सहयोग से समाज के भवन का निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कलचुरी समाज युवा शाखा के अध्यक्ष पद पर पारस जायसवाल को नियुक्त किया गया।

जयंती के अवसर पर समाज के युवा साथियों ने एक नाटक का मंचन भी किया जिसमें भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी के जीवन वृतांत की कुछ झलकियां को दिखाया गया। नाटक में रुद्राक्ष सूर्यवंशी,साइना सूर्यवंशी, आर्ची जायसवाल , काव्यजीत सूर्यवंशी ,भावेश सूर्यवंशी ,रुचि ठाकुर, मानवी जायसवाल, युगांश सूर्यवंशी, पीहू सूर्यवंशी, कान्हा सूर्यवंशी खुशी सूर्यवंशी, एकता चौकसे ,पारस जायसवाल, आदि बच्चों का सहयोग रहा। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली छात्र - छात्राओं को समाज के वरिष्ठ जनों के कर कमलो से स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम को भव्य बनाने में मधुबाला जायसवाल, सरिता सूर्यवंशी एवं माया सूर्यवंशी सहित मातृशक्तियों का सहयोग सराहनीय रहा।

कार्यक्रम का संचालन युवा शाखा के पारस जायसवाल एवं खुशी सूर्यवंशी के द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। तत्पश्चात उपस्थित जनों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में कलचुरी समाज वेलफेयर सोसाइटी के सभी पदाधिकारी गण वरिष्ठ जन एवं स्वजातीय बंधु गण , मातृ शक्तिया भारी संख्या में उपस्थित रहे।



# डुण्डासिवनी पुलिस ने नाबालिग बालिका को 8 घंटे के भीतर किया दस्तयाब

**सिवनी नवभारत।** थाना डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया। 28 अक्टूबर को प्रार्थी अभिभावक ने थाना डुण्डासिवनी में उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि इसकी 12 वर्ष 11 माह कि नाबालिग बालिका घर से मोहल्ले में खेलने के लिए जा रही हूँ कहकर निकली थी अभी तक वापस नहीं लौटी, कही मिल नही रही है जो कही चली गयी है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रंमाक 504/25 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

थाना प्रभारी चैनसिंह उइके व्दारा तत्काल पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया पुलिस अधीक्षक व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुए तीन अलग अलग टीम गठित कर अपहृता बालिका की तलाश पतासाजी हेतु टीम अलग अलग स्थानो पर रवाना कि गयी तकनीकी सहायता ली गयी जो पता चला कि पाथरफोडी थाना कान्हीवाडा निवासी रुपेश पारधी ने अपने साथ अपहृता को ले गया है जो पुलिस टीम व्दारा हरसंभव प्रायस कर अलग अलग स्थानो पर तलाश की गयी जो पता चला कि अपहृता को लेकर गोंदिया तरफ गया है जो एक टीम रात्री मे ही गोंदिया रवाना होकर अपहृता को दस्तयाब कर सिवनी लाकर परिजनो के सुपुर्द किया गया विवेचना में पाया गया कि रुपेश पारधी ने शादी के प्रलोभन देकर अपहृता को अपने साथ भगा कर ले जा रहा था। उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।



# भारतीय कलाकार संघ का अधिवेशन आयोजित

**सिवनी नवभारत।** राजकीय संग्रहालय सभागार, झांसी उ.प्र. में भारतीय कलाकार संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में 28 अक्टूबर सुबह 10 बजे से शुरू हुआ था। जिसमें पदभार ग्रहण समारोह में सिवनी जिले के कलाकार संघ भी इस अधिवेशन में भाग लिया था इस आयोजन में सम्मान समारोह हुआ था इसके बाद उद्बोधन व प्रशिक्षण सत्र और सांस्कृतिक कार्यक्रम शीर्ष नेतृत्व मार्गदर्शन का कार्यक्रम रखा गया था इस कार्यक्रम में सिवनी जिले का सम्मान बड़ी गौरव की बात है जहां उत्तर प्रदेश की झांसी शहर में सिवनी जिले के कलाकार का सम्मान हुआ मीडिया प्रभारी आर्टिस्ट राजेश बनवारी भा.क.सं. ने बताया कि इस अधिवेशन में सिवनी जिले के कलाकार पहुंचे जिसमें दिनेश सिंह ठाकुर (अध्यक्ष) शरद नामदेव (सलाहकार) संजय कुमार पटेल (कोषाध्यक्ष) प्रसून यादव (सचिव) राजेश बनवारी (मीडिया प्रभारी) कलाकारों को सम्मानित किया गया। और इस अधिवेशन में सिवनी के कलाकारों ने कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न होने पर बधाई दी और अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति के रूप में पेंटर सुनील शेट्टी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है।





# अहीरी नृत्य : श्रीकृष्ण नृत्य मंडल को मिला प्रथम पुरस्कार

### खापा बंदेली द्वितीय व तीतरी मढ़देवरी तीसरे स्थान में रही

**सिवनी नवभारत।** जिले की तहसील केवलारी के समीपस्थ ग्राम छींदा में अष्टमी के दिन 28 अक्टूबर 2025 को विशाल अहीरी मढ़ई नृत्य प्रतियोगिता सानंद सम्पन्न हुई। अहीरी मढ़ई नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम छींदा के श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर गौठान मढ़ में रखा गया। जिसमें केवलारी ब्लाक के आदिवासी ग्राम गुबरिया के श्री कृष्ण ग्वाल - बाल नृत्य मंडल ने प्रथम पुरस्कार जीता। जबकी द्वितीय पुरस्कार खापा - बंदेली के ग्वाल मंडल और तीसरा पुरस्कार तीतरी - मढ़देवरी के गिरधारी मंडल को प्राप्त हुआ। वहीं सांत्वना पुरस्कार ग्राम - छींदा और बुधवारा की युवा ग्वाल - बालों की टीम को मिला।

ग्राम छींदा में सम्पन्न विशाल अहीरी मढ़ई नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार की राशि 11 हजार रुपए रखी गई थी। जो आहीरी नृत्य विजेता टीम - श्रीकृष्ण मंडल गुबरिया को ससम्मान स्मृति चिन्ह के साथ, यादगार स्वरुप दी गई। ग्राम छींदा आहीरी मढ़ई नृत्य प्रतियोगिता में कृष्ण जन्म,राम विवाह, लक्ष्मण - परशुराम संवाद, गोवर्धन पूजा,राम वनवास और कालिका दहन निर्धारित प्रसंग रहे। अवलोकन बिन्दु में - गायन शैली में 20 अंक, नृत्य में 20 अंक,वादन में 20 अंक, वेशभूषा में 20 अंक और अनुशासन व झांकी में 10 - 10 अंक देने का प्रावधान रखा गया था। नियमावली में निर्धारित समय - सीमा दी गई थी। प्रसंग पर गायन करना अनिवार्य था और नृत्य टीम के सदस्यों की संख्या कम से कम 09 होना अनिवार्य थी। ग्राम छींदा में सम्पन्न विशाल अहीरी मढ़ई नृत्य प्रतियोगिता आयोजन का यह चौथा वर्ष था। जिसे सफल बनाने में आयोजन समिति के सुखचैन यादव, राजकुमार यादव, नन्हे लाल यादव व सुमत यादव और यादव समाज व छींदा ग्राम के जागरुक स्वजनों ने दिन - रात मेहनत की। उसी का परिणाम है कि आहीरी मढ़ई नृत्य प्रतियोगिता निर्विघ्न संपन्न हुई। कार्यक्रम में केवलारी से आमंत्रित अतिथि के रुप में समाजसेवी डा. अविनाश तिवारी, भाजपा नेता - दामोदर शुक्ला, सचिन अवधिया, छींदा भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन राजपूत, पिंडरई से - अशोक यादव,उदय यादव व गोटू झारिया। ग्राम पंचायत छींदा की सरपंच श्रीमती सिया रामकुमार उइके, राजकुमार यादव उप सरपंच, ललित राय,अजय राय, निरंजन झारिया, पुलिस चौकी छींदा प्रभारी प्रमोद भारद्वाज, प्रखर जी, वरिष्ठ शिक्षक रविन्द्र यादव,बसोडी लाल शिवेदी, सुखराम राय, अशोक यादव, प्रेम मिश्रा, सुनील झारिया,हरि विश्वकर्मा, कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष छींदा सुरेंद्र जैन, प्रदीप पंकज राय, श्याम बाबू झारिया, शेख रशीद मंसूरी,बजीर मंसूरी, संतोष शिवेदी, रामप्रसाद राय, नंदकिशोर झारिया आदि ग्राम व क्षेत्र के आमंत्रित स्वजन भारी संख्या में उपस्थित थे। देर रात्रि तक चले सम्पूर्ण कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन श्रीकांत राय ने किया। कार्यक्रम समाप्ति के बाद कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों, नृत्य में आई आहीरी टीम के सदस्यों और दर्शकों ने भोजन, प्रसादी बतौर गृहण किया।



**आयोजन** — राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल बैठक में शामिल होंगे स्वयंसेवक

# संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक 30 अक्टू. से 1 नवंबर तक

**सिवनी नवभारत।** आज जबलपुर के कचनार सिटि में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया, कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की वार्षिक बैठक महाकौशल प्रांत के जबलपुर जिले में आयोजित की जा रही है।यह बैठक कार्तिक शुक्ल अष्टमी, नवमी व दशमी तदनुसार 30 अक्टूबर से 1 नवंबर 2025 तक आयोजित होगी। इसी क्रम में सुनील आंबेकर ने बताया कि संघ दृष्टि से भारत के 46 प्रान्तों से 407 कार्यकर्ता इस बैठक में अपेक्षित हैं। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन जी भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय जी होसबाले तथा 06 सहसरकार्यवाह, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सहित सभी 11 क्षेत्रों एवं 46 प्रान्तों के संघचालक, कार्यवाह व प्रांत प्रचारक उपस्थित रहेंगे। साथ ही चयनित कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने संघ शताब्दी वर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ शताब्दी वर्ष नागपुर में 02 अक्टूबर 2025 को विजयादशमी से प्रारंभ हुआ । जिसके मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद थे। इसमें दलाई लामा जी के शुभ संदेश का भी वाचन किया गया। उल्लेखनीय है, कि इस आयोजन में 14101 स्वयंसेवक गणवेश में सहभागी हुए साथ ही बड़ी संख्या में नागपुर के नागरिक गण उपस्थित थे। विदेशों से भी विशेष आमंत्रित नागरिक उपस्थित रहे। संघ शताब्दी वर्ष का कार्यक्रम देश भर में बस्तियों व मंडलों में हुआ, जहाँ स्वयंसेवकों ने गणवेश में ही भाग लिया । इन कार्यक्रमों में देश के गणमान्य लोगों ने भी सहभाग किया।

गृह संपर्क अभियान योजना के अंतर्गत हर प्रांत में 25 से 40 दिन का अभियान होगा। सामान्य से सामान्य स्वयंसेवक कुछ साहित्य जिसमें फोल्डर एवं पुस्तिकाएँ लेकर घर-घर जाएंगे। पंच परिवर्तन का संदेश कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण युक्त जीवनशैली, स्व का बोध और नागरिक कर्तव्य इन विषयों को लेकर गृह संपर्क होगा।

बस्ती और मंडल स्तर पर होने वाले हिन्दू सम्मेलन, जिला स?तर पर प्रमुख नागरिक गोष्ठी, खण ?ड/नगर स?तर पर सामाजिक सद्भाव बैठक, युवाओं के लिए कार्यक्रम इन विषयों पर भी विस्तार से चर्चा होगी।

पंच परिवर्तन के विषय को लेकर समाज की सज्जन शक्ति, संघ कार्य समर्थन करने वाले लोग, विशिष्ट लोग, विशिष्ट संस्थाएँ, मठ - मंदिर, सामाजिक संस्थाएँ, शैक्षणिक संस्थाएँ, व्यवसायिक संस्थाएँ इन सभी से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

समाज परिवर्तन की दिशा में मातृशक्ति का बड़ा सहभाग है । उनसे भी जुड़ने का प्रयास किया जायेगा । ये सब मिलकर एक समन्वित दृष्टि से समाज में परिवर्तन के कार्य कैसे करेंगे, इस पर भी चर्चा होगी। वर्तमान परिस्थिति पर भी कार्यकारी मंडल की बैठक में चर्चा होगी।

**देश भर में होंगे संवाद**

सरसंघचालक देश भर में प्रवास के अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे और संघ के विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। बैंगलोर में 8, 9 नवम्बर, कलकत्ता में 21 दिसम्बर और मुंबई में 7, 8 फरवरी को प्रबुद्ध जनों से संवाद करेंगे। सिख गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदान दिवस व भगवान बिरसा मुंडा के 150 वीं जयंती पर एक विशेष वक्तव्य जारी किया जाएगा और इस संदर्भ में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। पत्रकार वार्ता में मंच पर प्रांत संघचालक डॉ प्रदीप दुबे उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम में अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख द्वय नरेंद्र ठाकुर व प्रदीप जोशी उपस्थित थे।